संख्या:34/2026/510/35-4-2026/35-4002(003)/18/2026

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
भदोही।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ; दिनांक: 29 मार्च, 2026

विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद- भदोही में निम्नलिखित तालिका में इंगित कार्यों की रू. **1403.56** लाख (रूपये चौदह करोड तीन लाख छप्पन हजार मात्र जी0एस0टी0 सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. **702.00** लाख (रूपये सात करोड दो लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यदायी संस्था होगी:-

(लाख रू. में)

क्र0	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि
1	ग्राम पंचायत बेलहुआ में सुरियांवा कलिजरा मार्ग से बेलहुआ रोही मार्ग तक लेपन कार्य।	1.50	49.13	25.00
2	ग्राम पंचायत अइनछ में सुरियांवा कलिजरा मार्ग से ब्राहम्ण बस्ती व कान्तीरामपुर बिन्द बस्ती तक लेपन कार्य।	1.00	39.12	20.00
3	ग्राम पंचायत सीकी चौरा से कुरमैचा बिन्द बस्ती तक लेपन कार्य।	1.60	62.64	31.00
4	ग्राम पंचायत बयांव सहसीपुर से पिलखुना पानी टंकी तक लेपन कार्य।	2.20	85.12	43.00
5	ज्ञानपुर नथईपुर अकोढा मार्ग बिन्द नगर से तुलापुर बिन्द बस्ती से अइनछ प्रधानमंत्री रोड ईंट भट्ठे तक लेपन कार्य।	1.60	62.64	31.00
6	ग्राम पंचायत कालिकानगर काईरौना (कुटिया) से गिरनारी बाबा आश्रम तक लेपन कार्य।	2.00	78.17	39.00
7	ग्राम पंचायत भिदिउरा में नहर पुलिया से ब्राहम्ण बस्ती तक लेपन कार्य।	1.00	47.92	24.00
8	भिदिउरा कसिदहॉ मार्ग से गणेशरायपुर बनवासी बस्ती तक लेपन कार्य।	1.00	39.12	20.00
9	ग्राम पंचायत इटहरा मन्नी यादव बस्ती से इटहरा ब्राहम्ण	1.00	31.15	16.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	बस्ती तक लेपन कार्य।			
10	ब्लाक औराई चौरी महाराजगंज रोड से राजेन्द्र दूबे के मकान तक तथा इसी मार्ग से श्री रामपति दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.57	21.33	11.00
11	ब्लाक औराई में गोपीगंज चिल्ह रोड से सुमेरपट्टी के रेलवे लाईन तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.50	22.08	11.00
12	ब्लाक ज्ञानपुर ग्राम जखांव पिच रोड से रवि प्रधान के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.50	25.74	13.00
13	ब्लाक भदोही ग्राम आशापुर में भदोही औराई मार्ग सं इण्टरलाकिंग रोड तक व गुलाब के घर से सी0ओ0 चौहान के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.50	25.39	13.00
14	ब्लाक भदोही के ममहर पिच रोड से रमईपुर ब्राहम्ण बस्ती से दलित बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.60	29.99	15.00
15	उगापुर एयरपोर्ट के पूर्वी छोर से दलित बस्ती होते हुए एल0डी0ए0 रोड तक पिच रोड निर्माण कार्य।	0.72	24.06	12.00
16	ब्लाक ज्ञानपुर ग्रा0प0 सरईमिश्रानी (पठखानी) में लाल बिहारी पाठक के घर से राम सागर पाठक के घर तक व दलित बस्ती से चौरा माता मंदिर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.50	25.74	13.00
17	ब्लाक-भदोही देवानाथपुर, अजयपुर, महरभा मार्ग से बलभद्रपुर हरिजन बस्ती मार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.50	25.05	13.00
18	लालानगर ज्ञानपुर पिच रोड से माधोपुर पिच रोड तक पिच रोड का कार्य।	1.20	56.43	28.00
19	जी0टी0 रोड से माधोपुर पिच रोड तक वाया गुलाबी देवी बिन्द इण्टर कालेज तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.80	34.99	17.00
20	ममहर बाजार से कंजड बस्ती से सगरा तालाब होते हुए ममहर बभनौटी पीएमजीएसवाई रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.86	45.13	23.00
21	अक्षवर दलित बस्ती से चककौलापति दलित बस्ती सम्पर्क मार्ग से लक्षनातारा होते हुए हरिशंकर दूबे के मशीन के पास चिन्तामणि मिश्रा के घर के बगल होते हुए राधेश्याम पाण्डेय के मकान तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.60	24.85	12.00
22	अमवा रेलवे लाईन से अमवा दलित बस्ती तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.65	28.95	14.00
23	ग्राम झौवा में नहर पिच रोड तक भुलई पटेल के घर से पासी बस्ती तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.55	24.49	12.00
24	ग्राम कठारी पिच रोड के पास बने इण्टरलाकिंग से कृष्ण	0.53	27.22	14.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	गौतम कठारी के घर के आगे मिर्जापुर बार्डर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।			
25	औराई, त्रिलोकपुर नहर पश्चिम पिच रोड से दलित बस्ती तक इण्टरलाकिंग तथा इसी में त्रिलोकपुर पिच रोड से दलित बस्ती तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.70	29.03	15.00
26	ब्लाक औराई अन्तर्गत भरतपुर प्रा0वि0 से मातेवर सिंह तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	0.55	24.50	12.00
27	प्राइमरी स्कूल जदुपुर के पीछे से पुल होते हुए मदरसा तक इण्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य।	0.8	40.39	20.00
28	दुलमदासपुर बौलिया मस्जिद से खुर्शीद अंसारी के कम्पनी के आगे तक इण्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य।	0.50	25.39	13.00
29	कस्तूरीपुर हनुमान मन्दिर के आगे से संतलाल के घर के आगे तक इण्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य।	0.55	24.7	12.00
30	ग्रामसभा बरैला में चनईपुर मार्ग से बचानू के खेत तक इण्टरलाकिंग सडक निर्माण कार्य।	0.30	12.97	6.00
31	ग्राम सभा बौरीबोझ में हरिशंकर के घर से संसारीपुर प्रयागराज बार्डर तक संपर्क मार्ग वाया सम्पर्क मार्ग से डबलू सिंह के घर तक वाया सम्पर्क मार्ग से हरिश्चन्द के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.53	28.76	14.00
32	सराय होला में पंचायत भवन से मनीष सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.65	35.79	18.00
33	कुनबीपुर में प्राथमिक स्कूल से रामशंकर के घर की ओर इण्टरलाकिंग कार्य।	0.54	23.91	12.00
34	ग्राम सभा कोईलरा में लिंक रोड से गौड बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.90	50.24	25.00
35	दानुपुर पश्चिम पट्टी गेराई मार्ग से बिन्द बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.60	26.93	13.00
36	ग्राम सभा भंडा में पी0डब्लू0डी0 सडक से ट्यूबेल होते हुए कृपा शंकर पाठक के घर की ओर इण्टरलाकिंग कार्य।	0.51	26.29	13.00
37	ग्राम सभा कलनुआ में पंचायत भवन से संतोष शुक्ला की मशीन के ओर इण्टरलाकिंग कार्य।	0.63	27.87	14.00
38	ग्राम सभा होलपुर सुबेदार सिंह के घर से शिवपूजन बिन्द के घर से होते हुए गॉधी मार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य।	0.53	28.81	14.00
39	पटखौली में बद्री प्रसाद के ट्यूबेल से सहदेव के घर की ओर इण्टरलाकिंग कार्य।	0.51	20.35	10.00
40	पचपटिया में डीह बाबा मंदिर से राकेश सिंह के घर की ओर	0.85	41.18	21.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	इण्टरलाकिंग कार्य।			
	योग:	**32.13**	**1403.56**	**702.00**

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. प्रदेश की राजकीय कार्यदायी संस्थाओं को सेंटेज चार्ज वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-7/10-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मार्च, 2023 के अनुसार देय होगा। योजनान्तर्गत कंटीजेंसी अनुमन्य नहीं है।
3. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
4. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।
5. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-10/2021/बी-2-96/दस-2021-10/99 दिनाँक 22 मार्च, 2021 के अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त तकनीकी स्वीकृति की लागत 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है, तो प्रायोजना का पुनरीक्षण आगणन का गठन करते हुए 3 माह के भीतर पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन प्राप्त किया जाये।
6. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023-17 (4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की वित्तीय स्वीकृति व प्रथम किश्त मूल्यांकित लागत पर जारी की जाये, किन्तु द्वितीय किश्त जारी करने से पूर्व परियोजना की लागत को निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित करा लिया जाये। परियोजना की अनुवर्ती किश्तें पुनरीक्षित लागत के आधार पर ही जारी की जायें ताकि कार्यदायी संस्था को कार्य की वास्तविक लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त न हो सके।
7. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
8. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। प्रायोजना के निर्माण कार्यों में वास्तविक खपत (CONSUMED) हुई मुख्य सामग्री (सीमेन्ट/स्टील/ग्रिट/मोरम इत्यादि) की मात्राओं का अनुपातिक मानक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 का भुगतान किया जाये। जी०एस०टी० के सम्बन्ध में वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 के शासनादेश सं0-2/2022/ई-8-202/दस-2022, दिनांक 13 सितम्बर, 2022 में निहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
9. परियोजना की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना हेतु जनपद स्तर पर कार्यकारी आदेश निर्गत करने जिसे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
10. कार्य का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्य के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

जैसे मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।

11. कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा सी०एम०आई०एस० पोर्टल पर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
12. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
13. त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर, 2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
14. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार किये जायेंगे।
15. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या-1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
16. परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 (vii) में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनश्चित किया जायेगा।
17. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
18. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
19. परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाय और यदि धनराशि पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय।
20. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
21. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2026 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
22. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
23. कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
24. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

25. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
26. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
27. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
28. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
29. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023-17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की द्वितीय किश्त हेतु निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए जनपद/कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की वास्तविक लागत के अनुसार मांग की जायेगी। यदि निविदा के बाद कार्यों की लागत में कमी आती है तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में जमा किया जायेगा।
30. प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित कार्य प्रावधानों को यथावत् मानते हुए किया गया है। मार्ग निर्माण की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। प्रशासकीय विभाग द्वारा इस आशय का उल्लेख सम्बन्धित स्वीकृति आदेश में सम्मिलित किया जायेगा।
31. प्रश्नगत कार्य के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
32. नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या: 60/2025/440/35-4-2025/35-4099/184/2023 (पार्ट-1) दिनांक 22 अप्रैल, 2025 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर जियोटैगिंग के साथ पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू. 7,02,00,000/-(रूपये सात करोड दो लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370301-**ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कों के लिये लिये एकमुश्त व्यवस्था** मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राजेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

संख्या:34/2026/510(1)/35-4-2026/35-4002(003)/18/2026 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, विंध्याचल मंडल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, भदोही।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, भदोही।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक,स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन,नियोजन विभाग।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, भदोही।
14- सम्बन्धित अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, भदोही।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।